दैनिक भास्कर 08/08/2023

8 से 10 अगस्त तक चलेगा ओरिएंटेशन कार्यक्रम

अम्बाला | जीएनएम कॉलेज के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के लिए हवन किया गया। हवन में स्टाफ व स्टूडेंट्स ने आहुतियां डालीं। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगार देना भी है। इसके बाद स्टूडेंट्स को टाइम टेबल की जानकारी दी गई। इस साल नई शिक्षा नीति के हिसाब से पढ़ाई होगी। स्टूडेंट्स को समझाने के लिए 8, 9 व 10 अगस्त को ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी।